प्रस्ताव

# 55 शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण के लिए कर विस्तार। पहल सांविधानिक संशोधन।

55

## आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

- $250,000 से अधिक (एकल रूप से फाइल करने वालों के लिए; संयुक्त फ़ाइलरों के लिए $500,000 से अधिक; परिवार के प्रमुखों के लिए $340,000 से अधिक) की आय पर वर्ष 2012 में अधिनियमित अस्थायी व्यक्तिगत आयकर वृद्धि को बारह वर्षों का विस्तार देता है।
- इन कर राजस्वों के 89% को K-12 विद्यालयों को और 11% को केलिफ़ोर्निया सामुदायिक महाविद्यालयों को आवंटित करता है।
- कुछ वर्षों में स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के लिए $2 अरब प्रतिवर्ष तक की राशि आवंटित करता है।
- शिक्षा राजस्व का उपयोग प्रशासनिक व्यय के लिए किए जाने को निषिद्ध करता है, परंतु स्थानीय विद्यालय बोर्डों को खुली बैठकों में तथा वार्षिक लेखा-परीक्षाओं के अधीन, यह निर्णय लेने का विवेकाधिकार प्रदान करता है कि राजस्व को किस प्रकार व्यय किया जाना है।

### विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:

- वर्ष 2019 से 2030 तक राज्य के राजस्व में प्रतिवर्ष $4 अरब से $9 अरब तक की वृद्धि (आज के डॉलरों में), जो अर्थव्यवस्था एवं शेयर बाजार पर निर्भर है।
- विद्यालयों और सामुदायिक महाविद्यालयों के वित्तपोषण में, उपाय द्वारा प्राप्त राजस्व के लगभग आधे की वृद्धि।
- निम्न आय वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण में $0 से $2 अरब प्रतिवर्ष की वृद्धि, जो राज्यपाल के मुख्य बजट सलाहकार के निर्णय और उनके द्वारा किए गए आकलन पर निर्भर करेगी।
- बजट आरक्षित निधियों और ऋण भुगतानों में $60 मिलियन से लगभग $1.5 अरब प्रतिवर्ष की वृद्धि (आज के डॉलरों में), जो प्राथमिकतः शेयर बाजार पर निर्भर करेगी।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

## पृष्ठभूमि

### स्टेट बजट

***राज्य बजट का आधा से अधिक भाग शिक्षा पर खर्च किया गया।*** राज्य द्वारा लोगों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कर और शुल्क एकत्र किया जाता है और इस राजस्व का इस्तेमाल राज्य बजट के कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है। इस वर्ष, राज्य की अपने मुख्य परिचालन खाते, सामान्य निधि से लगभग $122 बिलियन खर्च करने की योजना है। जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है इस खर्चे का आधे से अधिक भाग K–12 स्कूलों, कम्युनिटी कॉलेजों और राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए है। इस व्यय का लगभग एक चौथाई हिस्सा स्वास्थ्य और मानव सेवा कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है जिसमें सबसे बड़ा है राज्य का Medi-Cal कार्यक्रम। चित्र में दिखाए गए "अन्य अनेक कार्यक्रम" के ज्यादातर व्यय जेलों, पैरोल कार्यक्रमों और अदालतों पर खर्च किए जाते हैं।

### कर

***व्यक्तिगत आय कर से ज्यादातर सामान्य निधि धन उपलब्ध होते हैं।*** राज्य सामान्य निधि को मुख्य रूप से तीन करों से मदद मिलती है: व्यक्तिगत आय कर, बिक्री कर तथा कॉरपोरेट आय कर। (इस विश्लेषण में हम व्यक्तिगत आय कर को केवल "आय कर" कहेंगे।) आय कर राज्य बजट का सबसे महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि यह सभी सामान्य निधि राजस्व का लगभग एक तिहाई हिस्सा प्रदान करता है। आय के ज्यादातर स्वरूपों पर लगता है, जैसे- वेतन, परिश्रमिक, ब्याज के होने वाली आय, और स्टॉक तथा अन्य परिसंपत्तियों की बिक्री होने वाले लाभ। इसमें शामिल है अनेक "मार्जिनल" कर की दर जो कि कर या "कर योग्य आय" में वृद्धि के साथ बढ़ती है। उदाहरण के लिए, 2011 में विवाहित जोड़े के कर योग्य आय पहले $14,632 डॉलर पर 1 प्रतिशत थी लेकिन $96,058 डॉलर से अधिक की सभी कर योग्य आय पर 9.3 प्रतिशत।

***प्रस्ताव 30।*** प्रस्ताव 30 ने, जिसे नवंबर 2012 में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया गया, उच्च-आय वर्ग के करदाताओं पर आय कर की दर में इजाफा किया। जैसा कि चित्र 2 में दिखाया गया है, उनके आय स्तर के आधार पर उच्च-आय वर्ग के करदाताओं द्वारा अपनी आय के अंश पर 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत या 3 प्रतिशत अतिरिक्त चुकाया जाता है। ये ऊंची दरें 2018 से प्रभावित हैं। इस साल के राज्य बजट में यह अनुमान है कि प्रस्ताव 30 आय कर से राजस्व में $7 अरब डॉलर का इजाफा होगा। प्रस्ताव 30 में राज्य बिक्री कर में 2013 से 2016 तक एक चौथाई सेंट की वृद्धि की गई है।

### शिक्षा

***शिक्षा पर वार्षिक आवश्यक व्यय।*** राज्य संविधान प्रावधान करता है कि राज्य द्वारा K–12 स्कूलों और कम्युनिटी कॉलेजों पर हर साल एक न्यूनतम राशि खर्च की जाएगी। यह "न्यूनतम गारंटी" में राज्य के कर राजस्व, अर्थव्यवस्था और छात्रों की उपस्थिति के आधार पर समय के साथ इजाफा होगा। इस साल इस न्यूनतम गारंटी के मद में राज्य सामान्य निधि द्वारा $50 अरब डॉलर प्रदान किया जाएगा। न्यूनतम गारंटी में स्थानीय संपदा कर का भी योगदान होता है।


## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

आकृति 1

**$122 बिलियन डॉलर राज्य बजट का आधा शिक्षा के लिए**

*2016–17* सामान्य निधि




## Medi-Cal

***की सुविधा California के कई सारे निम्न आय वर्ग के लोगों को उपलब्ध है।*** Medi-Cal कार्यक्रम से कम आय वाले California निवासियों को स्वास्थ्य सेवा लाभ मिलते हैं। इन सेवाओं में शामिल हैं प्राइमरी केयर विजिट, एमर्जेंसी रूम विजिट, सर्जरी, और प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स। यह कार्यक्रम California में 13 मिलियन लोगों की सहायता करता है - जो कि कुल जनसंख्या के मोटे तौर से एक तिहाई हैं। इस साल, राज्य द्वारा सामान्य निधि से लगभग $23 अरब डॉलर Medi-Cal पर व्यय किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह कार्यक्रम संघीय निधिकरण पर भारी रूप से आश्रित है और अन्य राज्य के श्रोतों से भी इसे कुछ सहायता मिलती है।

## बजट रिजर्व और ऋण भुगतान

***"तंगी के समय" के लिए आरक्षित निधियां।*** जब अर्थव्यवस्था सही चल रही हो, तो सरकारें पैसा बचाने के लिए बजट की आरक्षित निधियों का उपयोग करती हैं। जब अर्थव्यवस्था बदतर हो जाती है और राजस्व में गिरावट आती है, सरकार द्वारा अपने बचाए गए उस धन का उपयोग किया जाता है जो खर्चे में कटौती कर, कर बढ़ाकर और बजट संतुलन वाले अन्य उपायों के जरिए जुटाया गया होता है।

***संविधान के प्रावधान के अनुसार ऋण भुगतान और बजट रिजर्व के लिए न्यूनतम राशि आवश्यक है।*** संविधान के प्रावधान के अनुसार राज्य के लिए आवश्यक है कि वह तंगी के समय के कोष के लिए हर साल एक न्यूनतम राशि की बचत करे और राज्य के ऋणों को चुकता करने के लिए हर साल एक न्यूनतम राशि व्यय करे। ऋण और बजट रिजर्व के लिए वार्षिक राशि मुख्य रूप से राज्य के कर राजस्व पर निर्भर करती है। विशेष रूप से, पूंजी प्राप्तियों यानी वह धन जो लोगों द्वारा अपने स्टॉक तथा अन्य संपदाओं को बेचने से अर्जित होता है - इस आकलन के लिहाज से महत्वपूर्ण है कि राज्य द्वारा इन उद्देश्यों के लिए कितना खर्च करना होगा।

## प्रस्ताव

यह विधेयक (1) प्रस्ताव 30 द्वारा निर्धारित अतिरिक्त आय कर की दरों को 12 साल के लिए विस्तारित करता है (2) ऐसे प्रावधान का सूत्रपात करता है जिसके तहत राज्य वित्त वर्ष 2018–19 से 2030–31 तक Medi-Cal कार्यक्रम को अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराया जाएगा।

### कर

***उच्च-आयवर्ग वाले करदाताओं पर अधिक आय कर का भार।*** प्रस्ताव 55 में प्रस्ताव 30 की आयकर दर को 2019 से विस्तारित करते हुए 2030 तक ले जाने का प्रावधान है, जैसा कि दरों में होने वाली वृद्धि को चित्र 2 में दिखाया गया है। ये वृद्धि उच्च-आयवर्ग वाले करदाताओं

*प्रस्ताव 55 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 128।*

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

**आकृति 2**

**प्रस्ताव 30 के तहत आय कर दर[a]**

| सिंगल फाइलर की कर योग्य आय[b] | ज्वाइंट फाइलर की कर योग्य आय[c] | मामूली कर दर | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आधार दर | प्रस्ताव 30 वृद्धि | कुल दर |
| $0 से $8,000 | $0 से $16,000 | 1.0% | — | 1.0% |
| 8,000 से 19,000 | 16,000 से 37,000 | 2.0 | — | 2.0 |
| 19,000 से 29,000 | 37,000 से 59,000 | 4.0 | — | 4.0 |
| 29,000 से 41,000 | 59,000 से 82,000 | 6.0 | — | 6.0 |
| 41,000 से 52,000 | 82,000 से 103,000 | 8.0 | — | 8.0 |
| 52,000 से 263,000 | 103,000 से 526,000 | 9.3 | — | 9.3 |
| 263,000 से 316,000 | 526,000 से 632,000 | 9.3 | 1.0% | 10.3 |
| 316,000 से 5,26,000 | 632,000 से 1,053,000 | 9.3 | 2.0 | 11.3 |
| 526,000 से अधिक | 1,053,000 से अधिक | 9.3 | 3.0 | 12.3 |

[a] दिखाए गए आय कोष्ठक निकटवर्ती हजारों डॉलरों तक सन्निकटित है। ये कोष्ठक वर्ष 2015 के लिए प्रभावी हैं और आने वाले वर्षों में मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किए जाते हैं।

[b] सिंगल फाइलर्स में शामिल होते हैं विवाहित व्यक्ति और पंजीकृत घरेलू सहयोगी (RDPs) जो पृथक रूप से टैक्स फाइल करते हैं।

[c] संयुक्त फाइलर्स में शामिल होते हैं विवाहित व्यक्ति तथा RDP युगल जो संयुक्त रूप से फाइल करते हैं और साथ ही एक स्वतंत्र बच्चे वाली योग्यता प्राप्त विधवाएं या विधुर शामिल होते हैं।

नोट: परिवार-के-मुखिया के लिए आय कोष्ठक सूचीबद्ध नहीं की जाती है, पर कर योग्य $357,981 और उससे अधिक की आय वाले ( वर्ष 2015 तक) वे फाइलर भी प्रस्ताव 30 के तहत 10.3 प्रतिशत, 11.3 प्रतिशत या 12.3 प्रतिशत मामूली कर दरों के अधीन आते हैं। सूचीबद्ध कर दरों में शामिल हैं $1 मिलियन से अधिक राशि पर कर योग्य आय के लिए 1 प्रतिशत मानसिक स्वास्थ्य कर दर।

को प्रभावित करती हैं। विशेष रूप से, यह विधेयक उच्च-आयवर्ग वाले करदाताओं के 1.5 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करता है।

***कर में वृद्धि की राशि कर योग्य आय पर निर्भर करती है।*** कर में वृद्धि की राशि जो उच्च-आयवर्ग वाले करदाताओं द्वारा चुकाया जाता है उनके कर योग्य आय पर निर्भर करेगा। उदाहरण के लिए, यदि यह विधेयक पारित होता है, तो $300,000 डॉलर की कर योग्य आय वाले किसी एकल व्यक्ति को $263,000 से $300,000 डॉलर के बीच की आय पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इससे इस व्यक्ति के लिए को कर के रूप में $370 डॉलर अतिरिक्त चुकाना होगा। संयुक्त रूप से कर रिटर्न दाखिल करने वाले एक दंपत्ति को भी, जिसकी कर योग्य आय $2,000,000 डॉलर है, इस विधेयक के तहत अधिक कर चुकाना होगा। विशेषकर, यह दंपत्ति अपनी $526,000 से $632,000 डॉलर की आय पर अन्य 1 प्रतिशत चुकाएगा, $632,000 और $1,053,000 के बीच की आय पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत तथा $1,053,000 और $2,000,000 डॉलर के बीच की आय पर 3 फीसदी अतिरिक्त चुकाएगा। यह इस दंपत्ति के लिए $37,890 डॉलर की कर वृद्धि का आशय देता है। (ये उदाहरण 2019 तक कुछ भिन्न हो सकते हैं, क्योंकि मुद्रास्फीति के लिए कर ब्रैकेट्स का समायोजन वार्षिक रूप से किया जाता है।)

***बिक्री कर वृद्धि का प्रसार नहीं करता है।*** प्रस्ताव 55 प्रस्ताव 30 में मतदाताओं द्वारा मंजूर की गई बिक्री कर दरों में एक-चौथाई सेंट वृद्धि का प्रसार नहीं करता है। अन्य शब्दों में, चाहे मतदाता इस विधेयक को पास करे या न करें, प्रस्ताव 30 की बिक्री कर वृद्धि वर्ष 2016 के अंत में समाप्त हो जाएगी।

### Medi-Cal

***Medi-Cal के लिए सूत्र का निर्माण करता है।*** प्रस्ताव 55 Medi-Cal कार्यक्रम के लिए अधिक फंडिंग प्रदान करने के लिए एक नया राज्य बजट सूत्र शामिल करता है। इस विधेयक के अनुसार वित्त निदेशक, गवर्नर का मुख्य बजट परामर्शदाता 2018–19 से 2030–31 तक हर वर्ष यह निर्धारण करेगा कि क्या सामान्य निधि राजस्व वृद्धि के लिए (1) संवैधानिक रूप से शिक्षा व्यय तथा (2) सरकार के कार्यक्रमों की लागत जो 1 जनवरी 2016 तक प्रभावी थी, की आवश्यकता है। यदि राजस्व इस व्यय राशि से 50 प्रतिशत से अधिक होता है (अधिकतम $2 अरब डॉलर तक) तो इसे Medi-Cal के लिए आवंटित किया जाएगा। (इस अतिरिक्त आवंटन को मुश्किल बजट साल में कम किया जा सकता है)। यह विधेयक कहता है कि ये Medi-Cal धनराशि कार्यक्रम के लिए मौजूदा सामान्य निधि सहायता का स्थान नहीं ले सकती है।

## राजकोषीय प्रभाव

चित्र 3 में प्रस्ताव 55 के वित्तीय प्रभावों का सारांश है। विधेयक का आवर्धित राजस्व का उपयोग K–12 स्कूलों और कम्युनिटी कॉलेजों, निम्न आय वर्ग के लोगों की स्वास्थ्य सेवा, बजट रिजर्व और ऋण भुगतान में इस्तेमाल किया जाएगा। इन संवैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद बची शेष राशि, यदि कोई हो, तो वह राज्य के बजट उद्देश्य के लिए उपलब्ध होगा।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

### कर

***विधेयक द्वारा एकत्र राजस्व अर्थव्यवस्था और स्टॉक बाजार पर निर्भर करेगा।*** प्रस्ताव 55 द्वारा जुटाई गई राशि कई सारे कारकों पर निर्भर करेगी जिनके बारे में कोई भी पूर्वानुमान कठिन है। उच्च-आय वर्ग के करदाताओं की आय का एक बड़ा हिस्सा पूंजी प्राप्तियों से आता है। ये राजस्व भावी स्टॉक बाजार तथा अन्य संपत्ति मूल्यों पर भारी रूप से निर्भर करता है जिनके बारे में पूर्वानुमान करना कठिन है। इसके अतिरिक्त, उच्च-आय वर्ग के करदाताओं की आय अर्थव्यवस्था के उतार-चढ़ाव के साथ परिवर्तित होती है। इस प्रकार, बुरी अर्थव्यवस्था और स्टॉक बाजार वाले साल में यह विधेयक राजस्व के रूप में $4 अरब डॉलर जुटा सकता है। जब अर्थव्यवस्था और स्टॉक बाजार मजबूत हो तो इस विधेयक के आधार पर राजस्व के रूप में $9 अरब डॉलर जुटाया जा सकता है। ज्यादार सालों में, इस विधेयक के आधार पर जुटाई गई राजस्व राशि इन दोनों राशियों के बीच होगी। (ये राशि आज के डॉलर में होंगी और समय के साथ इसमें इजाफा होगा।)

### शिक्षा

***शिक्षा व्यय में वृद्धि की जाती है।*** उच्च राज्य कर राजस्व के कारण आम तौर पर शिक्षा व्यय में वृद्धि होती है। भविष्य में स्कूलों और कम्युनिटी कॉलेजों पर व्यय की जाने वाली राशि कई सारे कारकों पर निर्भर करेगी जिनके बारे में पूर्वानुमान करना कठिन है। हालांकि यह मान कर चला जा सकता है कि मोटे तौर से प्रस्ताव 55 द्वारा जुटाया गया राजस्व का आधा हिस्सा स्कूलों और कम्युनिटी कॉलेजों को जाएगा।

**आकृति 3**

**प्रस्ताव 55 के राजस्व संबंधित प्रभाव**

| | |
|---|---|
| **बढ़े हुए आय कर राजस्व** | हर वर्ष $4 बिलियन और $9 बिलियन के बीच (2016 डॉलर में), जो अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर निर्भर करता है। |
| **स्कूलों और कॉलेजों के लिए बढ़ा हुआ निधिकरण** | विधेयक से लगभग आधे राजस्व की उगाही की गई। |
| **बढ़ा हुआ Medi-Cal निधिकरण** | हर वर्ष $0 और $2 बिलियन के बीच, जो सरकार के मुख्य बजट परामर्शदाता द्वारा लिए निर्णयों तथा आंकलनों पर निर्भर करता है। |
| **बढ़े हुए बजट रिज़र्व्स तथा कर्ज भुगतान** | हर वर्ष लगभग $60 मिलियन और $1.5 बिलियन के बीच (2016 डॉलर्स में), जो मुख्यतः शेयर बाजार पर निर्भर करता है। |

### Medi-Cal

***Medi-Cal निधिकरण को बढ़ा सकता है।*** योजित Medi-Cal निधिकरण के सूत्र के लिए वित्त निदेशक को वार्षिक रूप से राजस्व तथा व्यय के आंकलन की आवश्यकता होती है। जैसा कि पहले ज़िक्र किया जा चुका है, सामान्य निधि राजस्व का पूर्वानुमान लगाना कठिन होता है। उसी प्रकार, विधेयक के अनुसार व्यय आंकलनों को निर्मित करने के क्रम में, वित्त निदेशक को यह अनुमान लगाना होगा कि 1 जनवरी, 2016 तक लागू कार्यक्रमों पर व्यय कैसे समय के साथ बदला गया होगा इसलिए, इस विधेयक के तहत अतिरिक्त Medi-Cal निधिकरण, वित्त निदेशक द्वारा लिए फैसलों तथा आंकलनों पर निर्भर करेगा। इस विधेयक के तहत कोई अतिरिक्त Medi-Cal निधिकरण हर वर्ष उल्लेखनीय रूप से भिन्न हो सकता है, जो $0 से $2 बिलियन डॉलर की सीमा में परिवर्तित हो सकता है।

### बजट रिज़र्व्स तथा कर्ज भुगतान

***बजट रिज़र्व्स तथा कर्ज भुगतानों को बढ़ाता है।*** जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, प्रस्ताव 55 राज्य कर राजस्वों को बढ़ाता है। उच्च राजस्व वृद्धि के लिए कर्ज भुगतानों तथा बजट जमा राशियों की आवश्यकता होती है। राज्य को राज्य कर्जों को चुकाने और बजट रिज़र्व्स तैयार करने के लिए सटीक राशि मुख्यतः पूंजी लाभ राजस्वों पर निर्भर करती है, जिनका पूर्वानुमान लगाना कठिन होता है। बुरे शेयर बाजार के दौर में, प्रस्ताव 55 कर्ज भुगतानों और बजट रिज़र्वों को $60 मिलियन डॉलर तक बढ़ा सकता है। अच्छे शेयर बाजार के दौर में, प्रस्ताव 55 कर्ज भुगतानों और रिज़र्व जमा राशियों को $1.5 मिलियन डॉलर या उससे अधिक तक बढ़ा सकता है।

**इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।**

*प्रस्ताव 55 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 128।*